पेज थ्री देहरादून

विकासनगर में कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर कर मोर्चा खोला।

देहरादून रविवार 13 सितंबर 2020

पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### विधायक जोशी ने किया कालीदास मार्ग का निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। शनिवार को मसूरी विधायक गणेश जोशी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों संग कालीदास मार्ग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तय समय के अर्न्तगत सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। विधायक जोशी ने कहा कि क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है और मैं भी स्वयं इसी मार्ग का प्रयोग करता हूॅ। सड़क न होने के कारण हम सभी को परेशानी हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा गया है कि तय समय के अर्न्तगत सड़क निर्माण, नाल निर्माण, भूमिगत विद्युतीकरण एवं खम्बों के स्थानान्तरण का कार्य निस्तारित करने को कहा।

### विकास कार्यों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया

**संवाददाता** ऋषिकेश। बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर आज ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हरिपुर कला की महिला प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल से भेंट कर आभार व्यक्त किया। शिवानी भट्ट ने कहा है कि विकास से प्रभावित होकर आज बड़ी संख्या में महिलाएं विधानसभा अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट करने आई थी और सभी महिलाओं ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष जी का आभार व्यक्त किया।

### विधायक काऊ भी आए कोरोना की चपेट में

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना संक्रमण की चपेट में कब और कौन आ जा जाए इसका पता ही नहीं चल रहा है। दून में अब रायपुर से विधायक उमेश शर्मा काउ भी कोविड टेस्ट की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। जिसके बाद उन्होंने अपील की है कि उनसे संपर्क में आए लोग भी अपना कोरोना टेस्ट कराएं और एहतियात बरतें। उत्तराखण्ड में कोरोना संक्रमितों की संख्या 29 हजार के पार हो गई है।

### वर्चुअल बैठक कर भाजपा ने बनाए मंडलवार प्रभारी

**संवाददातां** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी देहरादून महानगर ने पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक में पार्टी द्वारा समय–समय पर किए जाने वाले सेवा कार्यों एवं राजनीतिक कार्यों हेतु मंडलवार प्रभारियों को मनोनीत किया।

महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट ने सभी नवनियुक्त प्रभारियों से अपेक्षा की है कि सभी प्रभारी सक्रिय कार्य करते हुए ना सिर्फ पार्टी की रीति नीति को आगे बढ़ाएंगे बल्कि नए लोगों को भी पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। वर्चुअल बैठक में महानगर प्रभारी कुसुम कंडवाल सहित महानगर के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने उत्पादित पहाड़ी उत्पादों के प्लांटेशन एवं पायलेट प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया

# आपदा को अवसर में बदलने की है बड़ी चुनौती: मुख्यमंत्री



**निरीक्षण**

- किनवा की बुआई एवं स्वावलंबन स्वयं सहायता के उत्पादों का भी किया निरीक्षण
- स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत

**संवाददाता**

देहरादून/पौड़ी गढ़वाल। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को घंडियाल, पौड़ी गढ़वाल में टीएनवीएसई ग्रुप द्वारा उत्पादित पहाड़ी उत्पादों के प्लांटेशन एवं पायलेट प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने किनवा की बुआई एवं स्वावलंबन स्वयं सहायता के उत्पादों का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि सम्पूर्ण विश्व कोविड महामारी के दौर से गुजर रहा है। इस महामारी से बचाव के लिए हमें बहुत सतर्कता बरतने की जरूरत है। कोविड से बचाव के लिए जो भी गाईडलाइन जारी हो रही है, उसका सबको पूरा पालन करना होगा। इस बीमारी से बचाव के लिए फिजिकल डिस्टेन्स एवं मास्क का प्रयोग बहुत जरूरी है। आज हमारे समकक्ष आपदा को अवसर में बदलने की भी बड़ी चुनौती है। आज उत्तराखंड में अनेक नौजवान कठिन परिस्थितियों के कारण घर की ओर वापस लौटे हैं। उत्तराखंड के युवाओं को स्वरोजगार के लिए पर्याप्त अवसर मिले, इसके लिए राज्य में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना शुरू की गई है। इस योजना में लगभग सभी प्रकार के कार्यों को शामिल किया गया है। पौड़ी में युवाओं द्वारा सामूहिक प्रयासों से सराहनीय कार्य किया जा रहा है। अन्य लोगों को भी इससे प्रेरणा लेकर कार्य करने होंगे। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। हमें स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर भी विशेष ध्यान देना होगा। देवभूमि उत्तराखंड में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं भी हैं। उत्तराखंड विभिन्न प्रकार की जैव विविधता वाला राज्य है। हिमालय की जड़ी बूटियों के उत्पादों से हम हिमालयी ब्रांडो की मार्केटिंग कर सकते हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में ग्रोथ सेंटर की शुरुआत की है, प्रदेश में 100 से अधिक ग्रोथ सेंटर प्रारंभ हो चुके हैं। सभी न्याय पंचायतों में एक–एक ग्रोथ सेंटर बनाए जा रहे हैं। सभी ग्रोथ सेंटरों का कॉन्सेप्ट अलग होगा। उन्होंने कहा कि वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली योजना के तहत बस खरीदने के लिए 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। इन बसों का रोडवेज से अनुबंध करने की व्यवस्था भी की गई है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में पर्यटन के तहत हम 10 हजार मोटर बाईक देंगे। इसमें दो साल का ब्याज राज्य सरकार देगी। 25–25 किलोवाट के 10 हजार छोटे सोलर पावर प्रोजेक्ट की योजना मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लाई गई है।

# उत्तराखंड में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल

**घेराबंदी**

- कहा–कुंभकर्णी नीद में सोई है सरकार

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में कांग्रेस पार्टी सरकार की घेराबंदी में जुट गई है। प्रदेशभर में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की गलत नीतियों के चलते बेरोजगारी चरम पर है। युवाओं में आक्रोश है। उन्होंने कहा भाजपा सरकारें युवाओं को रोजगार दिलाने में पूरी तरह से असफल रही है। वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि साढ़े तीन साल के कार्यकाल के बाद भी त्रिवेंद्र सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है।





कांग्रेस ने शनिवार को प्रदेशभर में राज्य सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस ने मुख्यालय में धरना दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की त्रिवेंद्र सरकार जिन मुद्दों पर सत्ता में आई उनकी अनदेखी कर रही है। पिछले साढ़े तीन साल के कार्यकाल के बाद भी सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है। त्रिवेंद्र सरकार को झकझोरने के लिए ही ये धरना आयोजित गया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी से जूझते प्रदेशवासियों को कोराना काल में घर वापसी करने वाले प्रवासी भुखमरी की कगार पर हैं। उनके हित में सरकार के पास कोई योजना नहीं है। सारे विभागों में पद खाली पड़े हैं और प्रदेश के युवा सरकार की तरफ टकटकी लगाए हुए हैं। पर सरकार अबतक उन्हें नौकरी नहीं दे पाई।

चमोली के जिलाध्यक्ष(कांग्रेस) बीरेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में प्रदेश की त्रिवेंद्र सरकार की बेरोजगार युवा विरोधी नीतियों, लगातार बढ़ती बेरोजगारी और पिछले तीन वसाल में किसी भी विभाग के रिक्त पदों पर नियुक्ति न करने के मुद्दों को लेकर जिला मुख्यालय में जमकर प्रदर्शन किया। विकासनगर में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर कर मोर्चा खोला।

### मुख्य सचिव ने विधानसभा अध्यक्ष से की भेंट, मानसून सत्र व अन्य मुद्दों पर की चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। राज्य के मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने आज उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल से यमुना कॉलोनी स्थित उनके शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर मुख्य सचिव से वार्ता की। विधानसभा अध्यक्ष ने राज्य में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इस संबंध में मुख्य सचिव से बातचीत की। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों में राज्य में नोवेल कोरोना वायरस का प्रसार तेजी से होता दिख रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ने कोविड–19 के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए घर–घर सर्वेक्षण, संपर्कों का पता लगाने तथा मेडिकल परीक्षण के कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने तथा विशेष प्रयास करने की बात कही।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।